**FORM NO. III**

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

आज अदालत **न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)** मुकाम **जोधपुर**

अमरसिंह **बनाम्** भारत सिंह के कायम मुकाम व अन्य

**किस्म मुकदमा** – 151 सी.पी.सी. 1908

**मुकदमा संख्या** – C/09/2026 **जीसीएमएस नं** 2026/16

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 08.01.2026 | प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 151 सी.पी.सी. 1908 के तहत न्यायालय हाजा में प्रस्तुत किया गया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता श्री अक्षय कुमार दवे उपस्थित। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर आयन्दा दिनांक 09.01.2026 को पेश हो।<br>सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) जोधपुर | |
| 09.01.2026 | पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थी अधिवक्ता ने हस्तगत प्रार्थना पत्र में यह निवेदन किया कि ''प्रार्थना पत्र के साथ फार्म नं. 03 के संलग्न माननीय न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी, जोधपुर के द्वारा पारित आदेश दिनांक 11.08.2023 (अमरसिंह बनाम् भारतसिंह व अन्य प्रकरण संख्या 23/2012) को जारी निर्णय की पालना करने हेतु तहसीलदार जोधपुर से करवाये जाने की प्रार्थना की गई।'' हमने प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया संलग्न माननीय राजस्व अपील प्राधिकारी, जोधपुर के आदेश का अध्ययन किया। उक्त निर्णय के संबंध में (यदि किसी अन्य न्यायालय द्वारा स्थगन नहीं होने की दशा) तहसीलदार जोधपुर को पालनार्थ तहरीर जारी हो। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 151 सी.पी.सी. स्वीकार किया जाता हैं। पत्रावली इसी कदर फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।<br>सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) जोधपुर<br>सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट जोधपुर सत्यमेव जयते | |